अक्टूबर 2023

# आपकी स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण समाचार

प्रिय Medi-Cal सदस्य,

अच्छी ख़बर! आप शीघ्र ही और अधिक Medi-Cal लाभ प्राप्त कर सकते हैं। **1 जनवरी, 2024** की शुरुआत से, full Medi-Cal 26 वर्ष से लेकर 49 वर्ष तक के उन वयस्कों के लिए उपलब्ध होगा जो Medi-Cal के लिए पात्रता हासिल करेंगे। **Full** Medi-Cal, **restricted** Medi-Cal से भिन्न है जो कि आपके पास अभी है। Restricted Medi-Cal केवल आपातकालीन सेवाओं को कवर करता है। यह दवाई और प्राथमिक देखभाल जैसी चीजों को कवर नहीं करता है।

आने वाले महीनों में विचार की जाने वाली चीजें:

- आपकी आप्रवासन की स्थिति को पात्रता की प्रक्रिया के भाग के रूप में नहीं माना जाएगा।
- **दिसंबर 2023 में, आपको डाक से एक पत्र प्राप्त होगा जो आपको बताएगा कि क्या और कब आपको full Medi-Cal प्राप्त होगा।**
- **आप full Medi-Cal के साथ और अधिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्राप्त करेंगे।**
- Medi-Cal, California में रहने वाले लोगों के लिए एक मुफ़्त या किफ़ायती स्वास्थ्य देखभाल है।

Full Medi-Cal इन सेवाओं को तथा और भी बहुत कुछ को कवर करता है:

- चिकित्सीय देखभाल
- आपके डॉक्टर द्वारा ऑर्डर की गई दवाई
- विशेषज्ञ देखभाल
- मानसिक स्वास्थ्य देखभाल
- परिवार नियोजन और मातृत्व देखभाल
- आपातकालीन देखभाल
- आपके डॉक्टर द्वारा ऑर्डर किए गए टेस्ट्स
- मेडिकल सप्लाईज़ (चिकित्सीय आपूर्तियां)
- शराब और मादक पदार्थों के उपयोग का उपचार

- डेंटल केयर
- डॉक्टर और दांतों के उपचार संबंधी विज़िट तथा प्रिस्क्रिप्शन लेने के लिए परिवहन
- नर्सिंग होम की देखभाल से बचने में मदद के लिए घर पर देखभाल और सपोर्ट
- विज़न केयर (चश्में)
- हियरिंग एड (श्रवण सहायक उपकरण)
- फ़ुट केयर (पैर की देखभाल)

यदि आपके पास गर्भावस्था से संबंधित Medi-Cal है, तो आपके पास सभी चिकित्सीय आवश्यक सेवाएँ हैं, जो Medi-Cal कवर करता हैं।

**आप इस पत्र के साथ आए सदस्यों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (FAQ) में Medi-Cal के बारे में और अधिक जान सकते हैं।**

**नीचे आपको महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी जो आपको अगले चरणों के बारे में सूचित करेगी:**

**आपको नया Medi-Cal आवेदन भरने की ज़रूरत नहीं है।**
आपके पास पहले से ही restricted Medi-Cal है, इसलिए आपको full Medi-Cal के लिए एक नया आवेदन भरने की ज़रूरत नहीं है। **यदि आप full या SOC Medi-Cal के लिए पात्र होते हैं, तो आप स्वचालित रूप से नामांकित हो जाएँगे।**

यदि आपको अपने Medi-Cal के नवीकरण के लिए डाक में एक पैकेट प्राप्त होता है, तो इसे भरकर वापस लौटाएं। मदद के लिए आप अपने काउंटी कार्यालय को कॉल कर सकते हैं।

**आप स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ कैसे प्राप्त करेंगे।**
Full Medi-Cal वाले अधिकांश लोगों को Medi-Cal Managed Care Plan के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ मिलेंगी। Medi-Cal Managed Care Plan एक हेल्थ प्लान है, जो आपके सेवा क्षेत्र में आपकी ज़रूरत की Medi-Cal सेवाएँ प्रदान करने के लिए डॉक्टरों, अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के साथ काम करता है।

जब आप एक Medi-Cal Managed Care Plan में शामिल होते हैं, तो आप अभी भी अपने Medi-Cal Managed Care Plan के माध्यम के बजाय Fee-For-Service (regular) Medi-Cal के माध्यम से कुछ सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं। अधिकांश काउंटियों में, इनमें कुछ घरेलू और समुदाय-आधारित सेवाएँ शामिल होती हैं, अधिकांश Medi-Cal फार्मेसी सेवाएँ, substance use disorder उपचार सेवाएँ, तथा दंत चिकित्सा सेवाएँ शामिल होती हैं।

आपके Medi-Cal Fee-For-Service के विकल्प उस काउंटी पर निर्भर करते हैं जिसमें आप रहते हैं। कुछ काउंटी के पास एक प्लान है। कुछ काउंटियों के पास चुनने के लिए एक से अधिक प्लान होते हैं। हम आपको आपके प्लान विकल्पों के साथ एक पत्र और *My Medi-Cal Choice* पैकेट डाक से भेजेंगे।

**यदि आपके पास Share of Cost (SOC) के साथ Medi-Cal है तो आप कैसे स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्राप्त करेंगे।**

यदि आपके पास SOC है, तो आप Fee-For-Service (regular) Medi-Cal के माध्यम से अथवा Medi-Cal Managed Care Plan के माध्यम से अपनी स्वास्थ्य देखभाल सेवाएँ प्राप्त कर सकते हैं। आपको Medi-Cal Managed Care Plan को चुनने की ज़रूरत नहीं हो सकती है। Fee-For-Service (regular) Medi-Cal में, आप ऐसे किसी भी डॉक्टर की सेवाएँ ले सकते हैं जो Fee-For-Service (regular) Medi-Cal को स्वीकार करता है।

**आपको अपना Medi-Cal Benefits Identification Card (BIC) अपने पास रखना चाहिए।**

आपका BIC, नारंगी पॉपी के फूलों के साथ अथवा नीले और सफेद डिज़ाइन का प्लास्टिक का कार्ड होता है। आपको इसकी तब ज़रूरत होगी जब आप full या SOC Medi-Cal प्राप्त करेंगे। यदि आपको नए BIC की ज़रूरत है तो अपने काउंटी कार्यालय को कॉल करें।

सदैव अपने BIC को अपने डॉक्टर तथा अन्य चिकित्सा और डेंटल विज़िट के समय साथ ले जाएँ। जब आप Medi-Cal Managed Care Plan में होते हैं, तो आप अपने नए प्लान से एक कार्ड प्राप्त करेंगे। आपको अपने डॉक्टर, दंत-चिकित्सक, फ़ार्मेसी, तथा अन्य चिकित्सा प्रदाताओं के पास विज़िट करते समय दोनों कार्ड दिखाने की ज़रूरत होगी।

**आपकी Medi-Cal सेवाओं को नेविगेट करने के लिए आपके और आपके परिवार के लिए संसाधन:**

**आपको भिन्न भाषा में मदद की ज़रूरत है।**

यदि आपको अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में मदद की ज़रूरत है तो इस पत्र के साथ आई निःशुल्क भाषा सहायता सेवाओं के लिए फ़ोन नंबरों की सूची को पढ़ें। इस पत्र को पढ़ने में आपकी मदद के लिए एक दुभाषिया पाने के लिए भाषा सहायता सेवाएँ से संपर्क करें।

**आप किसी दूसरे फॉर्मेट में सामग्री प्राप्त कर सकते हैं।**

आप अपने Medi-Cal लाभों के बारे में लिखित जानकारी को किसी दूसरे फॉर्मेट में पाने के लिए कह सकते हैं। पत्र को समझने और पढ़ने में मदद के लिए अथवा अपना पैकेट भरने के लिए, फॉर्मेट ब्रेल, बड़ा प्रिंट, एक ऑडियो या डेटा सीडी, अथवा कोई अन्य फॉर्मेट का हो सकता है। इसके लिए कहने के लिए, आप यहाँ जा सकते हैं:

- Afs.dhcs.ca.gov पर जाएँ। कोई और फॉर्मेट चुनने के लिए निर्देशों का पालन करें।
- **1-833-284-0040** (California Relay 711) पर कॉल करें। यह कॉल निःशुल्क है।
- अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय से संपर्क करें। आप dhcs.ca.gov/COL पर अपने स्थानीय काउंटी कार्यालय के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**व्यक्तिगत रूप से मदद के लिए,** आप अपने समुदाय में किसी Health Enrollment Navigator से संपर्क कर सकते हैं। GetMedi-CalCoverage.dhcs.ca.gov विज़िट करें तथा “Find Local Help” (स्थानीय मदद खोजें) चयन करें।

**Medi-Cal Managed Care Plans के बारे में जानने के लिए,** Health Care Options को 1-800-430-4263 (TDD/TTY प्रयोक्ता कॉल करें 1-800-430-7077) कॉल निःशुल्क है। या निम्नलिखित Health Care Options की वेबसाइट healthcareoptions.dhcs.ca.gov पर जाएँ।

**आप Adult Full Medi-Cal Expansion के बारे में और अधिक** निम्नलिखित DHCS की वेबसाइट bit.ly/AdultExpansion पर जान सकते हैं।

**आप्रवासन और Medi-Cal प्रोग्राम के बारे में प्रश्नों के लिए:**
आप्रवासन जानकारी और संसाधनों के लिए, immigrantguide.ca.gov पर California's Immigrant Guide पर जाएँ।

U.S. Department of Homeland Security तथा U.S. Citizenship and Immigration Services स्वास्थ्य, खाद्य, और आवास सेवाओं को public charge निर्धारण के भाग के रूप में **नहीं** मानती हैं। अतः, Medi-Cal लाभों का उपयोग (नर्सिंग होम या मानसिक स्वास्थ्य संस्था देखभाल को छोड़कर) किसी व्यक्ति की आप्रवासन स्थिति को नकारात्मक रूप से प्रभावित **नहीं** करेगा। जब कोई व्यक्ति राज्य द्वारा वित्तपोषित लाभों के लिए आवेदन करता है, तो उनकी जानकारी का उपयोग तभी सुनिश्चित करने के लिए किया जाता है जब वे पात्र होते हैं। राज्य के कानून उनकी जानकारी की निजता की सुरक्षा करते हैं।

Public charge के बारे में जानने के लिए chhs.ca.gov/public-charge-guide पर California Health and Human Services Agency Public Charge Guide पर जाएँ।

California Department of Social Services (CDSS) California में रहने वाले आप्रवासियों को पात्र गैर-लाभकारी संगठनों को सेवाएँ देने के लिए फंड देता है। इन संगठनों की सूची bit.ly/immigration-service-contractors पर देखी जा सकती है।

धन्यवाद,

Department of Health Care Services